**Regarding issues pertaining to farmers**

श्री अभय कुमार सिन्हा **(औरंगाबाद) :** सभापति महोदय, मैं सदन के माध्यम से देश के किसानों की गंभीर स्थिति के बारे में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं । हाल ही में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री जी ने एक सवाल के जवाब में बताया कि देश में 18 करोड़ 81 लाख किसानों पर 32,35,000 करोड़ रुपये का कर्ज है ।

महोदय, वर्ष 2025-26 के कृषि बजट के 1,71,000 करोड़ रुपये का बीस गुना अधिक किसानों पर कर्ज है । यह चौंकाने वाला आंकड़ा है । हमारे अन्नदाता इतनी गंभीर आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं । यह समझने की बात है ।

माननीय सभापति **:** आप अपनी मांग रख लीजिए ।

श्री अभय कुमार सिन्हा **:** महोदय, हमारे बिहार की 75 परसेंट आबादी कृषि पर निर्भर है । प्राकृतिक आपदा, खराब फसल प्रबंधन और बढ़ती लागत से हमारे किसान परेशान है । मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि कृषि बजट में पर्याप्त वृद्धि करके किसानों को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान की जाए । छोटे और सीमांत किसानों का कर्ज माफ किया जाए ।